(घ) सरकार के ध्यान में यह बात नहीं आई है कि निर्माण कार्यों, जिनको जबलपुर जिले के जिला मास्टर प्लान में शामिल किया गया है, को सुनिश्चित रोजगार योजना के अन्तर्गत नहीं किया जा रहा था।

विवरण

क्रमांक	मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सुनिश्चित रोजगार योजना के अन्तर्गत कवर किए गए खंडों के नाम	रिलीज की गई केन्द्रीय निधियां	
		1993-94	1994-95
1.	कुंडम	55.00	40.00
2.	घिमेर खेड़ा	55.00	40.00
3.	हरवाम	55.00	40.00
4.	बघान	55.00	40.00
5.	रिथी	55.00	40.00
6.	बरोरी बंध*	शून्य	30.00
7.	मझौली*	शून्य	30.00
8.	विजय राघवगढ़*	शून्य	30.00
9.	बरगी*	शून्य	30.00
10.	शाहपुर*	शून्य	30.00

*1994-95 के दौरान सुनिश्चित रोजगार योजना के अन्तर्गत शामिल।

मध्य प्रदेश में बंजर भूमि विकास कार्य

6517. **श्री शिव प्रसाद चनपुरियाः** क्या प्रधानमंत्री 23 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 1640, 1643 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश में उन क्षेत्रों के नाम क्या-क्या हैं, जिनके लिए मध्य प्रदेश में बंजर भूमि विकास कार्यों में लगे हुए सरकारी तथा निजी अभिकरणों को बंजर भूमि विकास कार्य सौंपा गया है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (परती भूमि विकास विभाग) में राज्य मंत्री (कर्नल राम सिंह): विभिन्न केंद्रीय और राज्य योजनाओं के तहत बंजरभूमि सहित विभिन्न प्रकार की भूमि पर राज्य भर में वन रोपण/वृक्षारोपण 20-सूत्रीय कार्यक्रम के सूत्र संख्या 16 के तहत किया जाता है। इसमें समेकित बंजरभूमि विकास परियोजनाएं तथा राष्ट्रीय बंजरभूमि विकास बोर्ड की अनुदान सहायता योजनाओं के तहत सरकार तथा स्वयंसेवी एजेंसियों द्वारा किया जाने वाला कार्य भी शामिल है। समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना स्कीम के तहत सरकारी एजेंसियां भोपाल, छिंदवाड़ा, धार, दुर्ग, इंदौर, झाबुआ, मांडला, रायगढ़, रायपुर, टीकमगढ़, सरगुजा तथा उज्जैन जिलों में बंजरभूमि के विकास के कार्यों में लगी है। इन योजनाओं के तहत स्वयंसेवी एजेंसियां और उनके संचलन के क्षेत्र नीचे दिये गये हैं।

क्रम सं॰	योजना का नाम	स्वयंसेवी एजेंसी का नाम	जिले का नाम
1.	समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना	राष्ट्रीय मानव व्यवस्थापन तथा पर्यावरण केन्द्र	झाबुआ
2.	समेकित बंजरभूमि विकास परियोजनाएं	विकास विकल्प	दतिया
3.	अनुदान सहायता	राष्ट्रीय मानव व्यवस्थापन तथा पर्यावरण केन्द्र	भोपाल बेतूल और झाबुआ